Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to provide the benefit of Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana (PMFBY) to the farmers of Khandwa.

श्री ज्ञानेश्वर पाटिल (खण्डवा) : धन्यवाद अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया । मैं अपने संसदीय क्षेत्र खण्डवा के बारे में माननीय कृषि मंत्री जी को अवगत कराना चाहता हूं कि पिछले दो वर्षों से प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना का लाभ किसानों को नहीं मिल पा रहा है । मेरे संसदीय क्षेत्र खण्डवा में केला, गन्ना, कपास, मिर्च, दलहन और तिलहन की सारी फसलें होती हैं । केला देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी निर्यात हो रहा है । लेकिन, आंधी, तूफान और ऐसी अनेक प्रकार की आपदायें आ रही हैं, उसके बावजूद किसानों को जो प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना का लाभ मिलना चाहिए था, वह नहीं मिल रहा है । मैं माननीय प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि प्रधान मंत्री जी ने किसानों की चिंता करते हुए प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना की शुरुआत की है, इसके पहले किसानों को उसका लाभ मिला था, लेकिन पिछले दो वर्षों से किसानों को उसका लाभ नहीं मिल पा रहा है ।

मैं, आपके माध्यम से कृषि मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि हमारे किसानों की समस्याओं का समाधान करने का कष्ट करें । धन्यवाद ।